भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **1748** जिसका उत्तर

शुक्रवार, **16 दिसम्बर**, 2022/25 अग्रहायण, 1944 (शक) को दिया जाना है

तटीय सामुदायिक विकास

†1748. श्री मनोज कोटक :

श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में सागरमाला कार्यक्रम के तहत तटीय सामुदायिक विकास के लिए 10 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की पहचान की गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) तटीय समुदाय के विकास के लिए शुरू की गई संचालनात्मक और प्रस्तावित परियोजनाओं का महाराष्ट्र सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) पिछले पांच वर्षों के दौरान तटीय सामुदायिक विकास के लिए आवंटित/ जारी और खर्च की गई धनराशि का महाराष्ट्र सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) महाराष्ट्र में तटीय सामुदायिक विकास के लिए किए गए कार्य का स्थान-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री

(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क), (ख), (ग) और (घ): सागरमाला योजना के तहत वर्ष 2015 से 2035 तक की अवधि के दौरान कार्यान्वयन हेतु लगभग 5.4 लाख करोड़ रु. मूल्य की 800 से अधिक परियोजनाओं को चिन्हित किया गया है। सागरमाला की परियोजनाओं के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों की परियोजनाओं को शामिल किया गया है, जैसे मौजूदा पत्तनों तथा टर्मिनलों का आधुनिकीकरण, नए पत्तनों, टर्मिनलों, रो-रो एवं पर्यटन जेट्टियों का निर्माण, पत्तन संपर्कता में वृद्धि, अंतर्देशीय जलमार्ग, दीपस्तंभ पर्यटन, पत्तन के आस-पास के क्षेत्रों में औद्योगीकरण, कौशल विकास, प्रौद्यागिकी केन्द्र आदि। इन परियोजनाओं को मुख्य रूप से सागरमाला के 5 खंडों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

तटीय समुदाय विकास खंड के अंतर्गत 2035 तक कार्यान्वित किए जाने हेतु लगभग 11 हजार करोड़ रु. मूल्य की 82 परियोजनाओं को चिन्हित किया गया है। मंत्रालय, 4173 करोड़ रु. अनुमानित मूल्य की 42 तटीय समुदाय विकास परियोजनाओं को आंशिक तौर पर वित्त-पोषित कर रहा है। इन 42 परियोजनाओं में से 1398 करोड़ रु. मूल्य की 16 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 1522 करोड़ रु. मूल्य की 16 परियोजनाएं कार्यान्वयन के चरण में हैं। ये परियोजनाएं मत्स्यन हार्बर, कौशल विकास और प्रौद्योगिकी केन्द्रों से संबंधित हैं। तटीय समुदाय विकास संबंधी परियोजनाओं का राज्यवार विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, 58,704 करोड़ रु. के अनुमानित लागत वाली 567 परियोजनाओं को तटीय जिलों के समग्र विकास के अंतर्गत चिन्हित किया गया है।

(ङ): महाराष्ट्र में, मंत्रालय 714 करोड़ रु. के अनुमानित मूल्य की 8 तटीय समुदाय विकास परियोजनाओं को आंशिक तौर पर वित्त-पोषित कर रहा है। इन 8 परियोजनाओं में से 272 करोड़ रु. मूल्य की 3 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 331 करोड़ रु. मूल्य की 3 कार्यान्वयन के चरण में हैं। ये परियोजनाएं मत्स्यन हार्बर, कौशल विकास और प्रौद्योगिकी केन्द्रों से संबंधित हैं। महाराष्ट्र में तटीय समुदाय विकास संबंधी परियोजनाओं का स्थानवार विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, महाराष्ट्र राज्य में 946 करोड़ रु. के अनुमानित लागत वाली 24 परियोजनाओं को तटीय जिलों के समग्र विकास के अंतर्गत चिन्हित किया गया है।

अनुबंध I

सागरमाला परियोजना के अंतर्गत तटीय समुदाय विकास संबंधी आंशिक रूप से वित्त-पोषित परियोजनाओं का राज्यवार विवरण

राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र	परियोजनाओं की संख्या	परियोजना लागत (करोड़ रु.)	स्वीकृत निधियां (करोड़ रु.)	जारी की गई निधियां (करोड़ रु.)
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	1	7	7	7
आंध्र प्रदेश	5	1020	166	79
गुजरात	4	773	611	168
कर्नाटक	6	657	265	76
केरल	4	171	66	38
महाराष्ट्र	8	714	203	122
ओडिशा	3	153	66	32
पुदुच्चेरी	1	2	2	2
तमिलनाडु	8	600	206	144
पश्चिम बंगाल	2	76	76	31
कुल योग	**42**	**4173**	**1669**	**699**

अनुबंध-II

महाराष्ट्र में सागरमाला परियोजना के अंतर्गत तटीय समुदाय विकास संबंधी आंशिक रूप से वित्त-पोषित परियोजनाओं का विवरण

क्र. सं.	परियोजना का नाम	परियोजना की श्रेणी	कार्यान्वयन एजेंसी	परियोजना की स्थिति	पत्तन	परियोजना लागत (करोड़ रु.)	स्वीकृत निधियां (करोड़ रु.)	जारी की गई निधियां (करोड़ रु.)
1	मैरीटाइम और पोत निर्माण में उत्कृष्टता केंद्र - सीईएमएस - महाराष्ट्र - महाराष्ट्र में 24 में से 6 प्रयोगशालाएं	प्रौद्योगिकी केन्द्र	आईआरएस	पूरी की गई	मुंबई	191.00	12.48	12.08
2	रत्नागिरी जिले में मिरकावाडा मत्स्यन बंदरगाह का चरण-II के अंतर्गत विस्तार	मत्स्य पालन	महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड	पूरी की गई	मिरकावाडा	75.00	17.95	17.95
3	तटीय जिला कौशल विकास कार्यक्रम - चरण-I - महाराष्ट्र	कौशल विकास	ग्रामीण विकास मंत्रालय (डीडीयू-जीकेवाई)	पूरी की गई	ठाणे, रत्नागिरी, रायगढ़, पालघर, सिंधुदुर्ग	5.50	5.50	2.75

4	सेसून डॉक मत्स्यन हार्बर का आधुनिकीकरण	मत्स्य पालन	महाराष्ट्र मत्स्य पालन विकास निगम	कार्यान्वयन के अधीन	सेसून	92.52	23.13	11.56
5	रायगढ़ जिले के करंजा में मत्स्यन हार्बर का विकास	मत्स्य पालन	महाराष्ट्र मत्स्य पालन विकास निगम	कार्यान्वयन के अधीन	करंजा	149.80	68.51	61.65
6	आनंदवाडी-सिंधुदुर्ग जिले में मत्स्यन हार्बर का विकास	मत्स्य पालन	महाराष्ट्र मत्स्य पालन विकास निगम	कार्यान्वयन के अधीन	आनंदवाडी	88.44	12.50	11.25
7	तटीय जिला कौशल विकास कार्यक्रम - चरण-2 महाराष्ट्र	कौशल विकास	ग्रामीण विकास मंत्रालय (डीडीयू-जीकेवाई)	परियोजना की स्वीकृति	रायगढ़ और रत्नागिरी	15.11	15.11	4.27
8	महाराष्ट्र में मैलेट बंदर मझगांव मत्स्यन हार्बर का विकास	मत्स्य पालन	मुंबई पत्तन न्यास	परियोजना की स्वीकृति	मैलेट बंदर	96.60	48.30	0.00

*****